प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 05/2022)

<u>तत्काल जारी</u>

<u>भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण</u>

"दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी" (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) पर भादूविप्रा के परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार

नई दिल्ली, 19 जनवरी 2022 - भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 8 दिसंबर 2021 को "दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी" (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर लिखित टिप्पणी प्राप्त करने की अंतिम तिथि शुरुआत में 05 जनवरी 2022 और काउंटर टिप्पणियों के लिए 19 जनवरी 2022 के रूप में निर्धारित की गई थी।

2. हालाँकि, टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के लिए हितधारकों के अनुरोधों के कारण, लिखित टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि क्रमशः 19 जनवरी 2022 और 02 फरवरी 2022 तक बढ़ा दी गई थी।

3. देश की वर्तमान वैश्विक महामारी स्थिति तथा उद्योग संघों और हितधारकों से टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, फिर से लिखित टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि को क्रमशः 09 फरवरी 2022 और 23 फरवरी 2022 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। विस्तार के लिए किसी और अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के सलाहकार (बीएंडसीएस) श्री अनिल कुमार भारद्वाज को dyadvbcs-1@trai.gov.in में इलेक्ट्रॉनिक रूप में टिप्पणियां/ प्रति- टिप्पणियां भेजी जा सकती हैं । किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए सलाहकार (बीएंडसीएस) को टेलीफोन नंबर +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है।

RAJIV SINHA
Digitally signed by RAJIV SINHA
Date: 2022.01.19 16:51:54 +05'30'

(राजीव सिन्हा)
सचिव प्रभारी, भा.दू.वि.प्रा.